सं० 11-6/ सामान्य / अ अ जा वि स / ज. क - 98 / (पी.एफ.)/ 607 226

कार्यालय
कार्यपालक सचिव
अण्डमान आदिम जनजाति विकास समिति
पोर्टब्लेयर

पोर्ट. ब्लेयर दिनांक 22.02.99

प्रति

केन्द्र निदेशक
आकाशवाणी पोर्ट ब्लेयर

महोदया,

माननीय उपराज्यपाल महोदय के निजी सचिव को लिखे गये आपके पत्र सं० एस.डी/पी/99/97 दिनांक 17.02.99 के संदर्भ में मुझे आपको यह सूचित करने का निर्देश दिया गया है कि अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस के उपलक्ष्य में आकाशवाणी की महिला कर्मचारियों द्वारा जरावा महिलाओं को उपहार देने के प्रस्ताव पर विचार किया गया।

इस विषय में यह जानकारी देना अनिवार्य है कि जरावा जनजाति के महिलाओं को उनके आवास (वन) से लाया नहीं जा सकता। वे अपनी इच्छा से अन्य जरावाओं के साथ आती हैं परन्तु इसकी भी तिथि एवं समय निश्चित नहीं है। इसलिए उन्हें कदमतल्ला या अन्य स्थान पर निश्चित समय या तिथि पर नहीं लाया जा सकता और साथ ही यह परिपाटी भी नहीं है। पिछले कुछ दिनों से जरावाओं का एक समूह अण्डमान ट्रंक रोड के आर.के नाला क्षेत्र में छोटी-छोटी झोपड़ियां बनाकर रह रहे हैं जो उनका स्थायी आवास नहीं है।